# पाठ - 8

# तितली और कली

## कविता से

**Q1. तितली कली के पास क्यों गई थी?**

**उत्तर :** तितली कली के पास उसे जगाकर खेलने गई थी।

**Q2. तितली और कली ने क्या खेल खेला?**

**उत्तर :** तितली और कली ने पकड़म-पकड़ाई का खेल खेला।

**Q3. तितली के क्या कहने पर कली खुश हो गई?**

**उत्तर :** तितली द्वारा खेल खेलने की बात सुनकर कली खुश हो गई।

## अंदाजा लगाओ

**Q1. तितली कली के पास कब गई होगी?**

सुबह ☐ दोपहर ☐ शाम ☐

**उत्तर :** तितली कली के पास सुबह गई होगी।

**Q2. तुमने समय का अंदाज़ा कैसे लगाया?**

**उत्तर :** सुबह के समय सारे फूल-पौधे, जीव-जन्तु, पुश-पक्षी उठ जाते हैं। अतः हमने अंदाज़ा लगाया कि तितली भी उसी समय गई होगी।

## दो दो बार

**Q1.**

***गली-गली*** *का मतलब है सारी गलियाँ।*
***कली-कली*** *का मतलब है सारी कलियाँ।*

**अब नीचे लिखे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए वाक्य बनाओ-**

**घड़ी-घड़ी जगह-जगह घर-घर डाल-डाल**

**उत्तर : (1)** घड़ी-घड़ी=घड़ियाँ- तुम घड़ी-घड़ी बाहर क्यों देख रही हो?

**(2)** जगह-जगह=जगहें- लोग जगह-जगह थूकने से बाज़ नहीं आते हैं।

**(3)** घर-घर=घरों- नेताजी के भाषण घर-घर सुने जाते थे।

**(4)** डाल-डाल=डालियाँ- बंदर डाल-डाल में जाकर कूद रहा था।

## मिलते जुलते शब्द

**Q1. कविता में से वे शब्द ढूँढ़ो जो सुनने में कली जैसे लगते हैं। जैसे- कली, भली।**

**उत्तर :** गली, खिली, चली।

**Q2. नीचे दिए गए शब्दों जैसे कुछ शब्द अपने मन से जोड़ो।**

**(i) .....बोलो..... .................................. (ii) ............तितली............ ....................... (iii) .........डाल......... ................**

**उत्तर :** (i).....बोलो..... .....तोलो.... .....खोलो..... (ii) ............तितली............ .............मितली............ .............तिल्ली............ (iii).........डाल......... .........बाल........ .........ढाल........

## महके सारी गली गली

**Q1. महक तुम्हें अच्छी भी लग सकती है और बुरी भी। अच्छी लगने वाली महक को कहेंगे .................... बुरी लगने वाली महक को कहेंगे .....................**

**उत्तर :** अच्छी लगने वाली महक को कहेंगे खुशबू। बुरी लगने वाली महक को कहेंगे बदबू।

**Q2. ऐसी चीज़ों के नाम लिखो जिनकी महक तुम्हें पसंद है और जिनकी पसंद नहीं है।**

| पसंद है | पसंद नहीं है |
|---|---|
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |
| ........................................ | ........................................ |

**उत्तर :**

| पसंद है | पसंद नहीं है |
|---|---|
| नहाने के साबुन की | कपड़े धोने वाले साबुन की |
| चमेली के फूलों की | पसीने की |
| कॉफी की | गंदी जुराबों की |
| खाने की | कूड़े की |

**Q3. (I) तुम्हारे आसपास ऐसे कौन-कौन से फूल हैं जिनकी बहुत तेज़ महक है? (ii) फूलों के नाम अपनी भाषा में लिखो।**

**उत्तर :** (i) हमारे आसपास मोगरा, गुलाब के फूल खिलते हैं। इनकी बहुत तेज़ महक होती है। (ii) स्वयं करे

**Q4. तुम्हारे घर में किस-किस तरह की महक आती है? (जैसे- साबुन या तेल की महक गुसलखाने से)**

**उत्तर :** हमारे घर में इस तरह की महक आती है- रसोईघर- विभिन्न तरह के खाने की, सरसों के तेल की, कड़ी पत्ते की, अदरक-लहसुन की। बगीचे- मोगरे तथा अन्य फूलों की। कमरे- फिनाइल की, पिताजी के इत्र की, सिर पर लगाने वाले तेल की।

## तुम्हारी बात

**Q1. खेलने के लिए कली तुरंत जाग गई थी। तुम किस काम के लिए तुरंत जाग जाओगी और किस काम के लिए जागना पसंद नहीं करोगी? क्यों?**

| जागेंगे | नहीं जागेंगे |
|---|---|
| .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... |

**उत्तर :** स्वयं करे

## रंग बिरंगी

**Q1.**

*हरी डाल पर लगी हुई थी*
*नन्ही सुंदर एक कली*

**कविता में पौधे की डाल हरे रंग की बताई गई है। नीचे लिखी चीज़ें किन-किन रंगों की हो सकती हैं?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ........................ | तितली | ........................ | सूरजमुखी |
| ........................ | बैंगन | ........................ | लड्डू |
| ........................ | पेंसिल | ........................ | प्याला |
| ........................ | कुर्ता | ........................ | साग |
| ........................ | संतरा | ........................ | मिट्टी |

**उत्तर :** (i) तितली- हल्के हरे, गुलाबी, पीली, काली-भूरी बहुत से रंग की होती हैं। (ii) बैंगन- बैंगनी और हल्के हरे रंग के होते हैं। (iii) पेंसिल- फूलों वाली काली-लाल, तथा बहुत से रंगों की होती हैं। (iv) कुर्ता- सफ़ेद, लाल, पीला, बहुत से रंग का होता है। (v) संतरा- संतरी रंग का होता है। (vi) सूरजमुखी- यह फूल गहरे पीले रंग का होता तथा इसके बीज काले रंग के होते हैं। (vii) लड्डू- यह पीले रंग का होता है। (viii) प्याला- यह काले, सफ़ेद, लाल बहुत से रंग में मिलते हैं। (xi) साग- यह हरे रंग का होता है। (x) मिट्टी- यह भूरे, लाल, स्लेटी, पीली बहुत से रंग की होती है।